हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 22 मार्च 2026

06 30 दिन रोजे रखने के बाद तमाम अहले वतन को...



07 नियमों की धज्जियां: घरेलू गैस का हो रहा व्यावसायिक...





## खबर संक्षेप

### एकमुश्त प्रदान की जाएगी दो-दो माह की राशन सामग्री

**सीहोर।** शासन द्वारा सभी पात्र राशन हितग्राहियों को मार्च-अप्रैल एवं मई-जून दो-दो माह की राशन सामग्री एक साथ वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार सभी पात्र परिवारों को मार्च-अप्रैल की राशन सामग्री 10 मार्च से 15 अप्रैल के बीच और मई-जून की राशन सामग्री 01 मई से 31 मई के बीच एक मुश्त प्रदान की जाएगी। पीओएस मशीन में मार्च एवं अप्रैल माह की राशन सामग्री के माहवार वितरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। हितग्राही को राशन प्राप्त करने के लिए माहवार पीओएस मशीन पर बायोमेट्रिक सत्यापन करना होगा। अर्थात हितग्राही को दो माह का राशन एक साथ प्राप्त करते समय पीओएस मशीन पर दो बार अंगूठा लगाना होगा।

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** भारतीय सेना के सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो गई है, जो 1 अप्रैल तक चलेगी। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जरूरी है टीकाकरण : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में 14-15 वर्ष आयु की बालिकाओं के शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण के लिए निर्देश जारी कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिले की कोई भी पात्र बालिका एचपीवी टीकाकरण से वंचित न रहे। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा है कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए यह टीकाकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है और समय पर वैक्सीनेशन से बालिकाओं को भविष्य मे होने वाली गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग रहेगा।

### सर्किट हाउस में रात 2 बजे तक चली संगठन की बैठक में हाई-वोल्टेज ड्रामा, दो हिस्सों में बटी नगर भाजपा

# सुपर फास्ट या सुपर सुस्त भाजपा : सुदीप को लगे डेढ़ साल, सुशील की टीम महज 52 मिनट में तैयार

नगर मंडल-1 में सुदीप प्रजापति की कार्यकारिणी घोषित होने के बाद सुशील ताम्रकर बने नगर मंडल-2 अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपने ही लेटर-पैड पर घोषित कर दी नगर मंडल की कार्यकारिणी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय की राजनीति के लिए शनिवार का दिन बेहद चौंकाने वाला रहा। भाजपा संगठन में चली लंबी खींचतान का अंत अंततः नगर के दो मंडलों में विभाजन के साथ हुआ। शुक्रवार की आधी रात सर्किट हाउस में चले भारी मंथन और ड्रामे के बाद सीहोर नगर को दो सांगठनिक मंडलों में बांट दिया गया। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा उस रफ्तार की है, जिसने सबको हैरान कर दिया। जहां मंडल-1 के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति को अपनी कार्यकारिणी घोषित करने में डेढ़ साल लग गए, वहीं मंडल-2 के नवनियुक्त अध्यक्ष सुशील ताम्रकार की पूरी टीम महज 52 मिनट के भीतर घोषित कर दी गई। भाजपा के इस निर्णय के लोग अलग_अलग मायने निकाल रहे हैं। कोई सुपर फास्ट भाजपा बोल रहा तो कोई सुपर सुस्त भाजपा।

शुक्रवार रात अचानक सर्किट हाउस में विधायक सुदेश राय, संगठन प्रभारी डॉ. तेज बहादुर सिंह, जिला प्रभारी विकास वीरानी और जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के बीच बंद कमरे में मैराथन बैठक हुई। माहौल इतना संजीदा था कि वरिष्ठ नेताओं ने दो टूक निर्देश दिए अब कार्यकारणी के विस्तार में और देरी नहीं होगी। सुदीप प्रजापति को तत्काल अपनी टीम घोषित करने को कहा गया, वहीं मंडल-2 के लिए सुशील ताम्रकार का नाम पैनल से निकालकर तत्काल भोपाल भेजा गया। बताया जाता है कि यह बैठक शुक्रवार रात करीब दो बजे तक चली।



**सीहोर।** सर्किट हाउस में शुक्रवार रात हुई बैठक में विधायक सुदेश राय, संगठन प्रभारी डॉ. तेजबहादुर सिंह, जिला प्रभारी विकास विरानी, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा मंथन करते हुए।

### सन्नी महाजन की टीम को मिली तवज्जो


दोनों नगर मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन की टीम के सात लोगों को जगह मिली है। नगर मंडल - 2 में आशीष राजौरिया उपाध्यक्ष , संजय मिश्रा मंत्री, घनश्याम सेन मंत्री, गोविंद मीणा मंत्री को जगह मिली है। वहीं नगर मंडल-2 में विक्की भावसार उपाध्यक्ष, निर्देश पाटीदार मंत्री, हेमंत यादव मंत्री शामिल हैं।

**ताम्रकार की नियुक्ति, 52 मिनट में टीम घोषित :** जैसे ही प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन ने सुशील ताम्रकार की नियुक्ति का पत्र जारी किया, उसके महज 52 मिनट बाद मंडल-2 की पूरी कार्यकारिणी की सूची भी सामने आ गई। खास बात यह रही कि जहां मंडल-1 की कार्यकारिणी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के लेटर पैड पर जारी हुई, वहीं मंडल-2 की टीम सीधे जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के लेटर पैड पर घोषित की गई।

### सरकारी कर्मचारी को बनाया उपाध्यक्ष

डेढ़ साल बाद सीहोर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति की जारी कार्यकारिणी में भारी मिस्टेक देखी गई। दरअसल, इस कार्यकारिणी में एक महिला को उपाध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन हैरत की बात यह है कि उक्त महिला सरकारी कर्मचारी है। हस्तक्षेप के बाद आनन फानन में उक्त महिला का नाम हटाकर उनके पति को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बात की पुष्टि नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा भी की गई, उन्होंने बताया कि यह गलती से हो गया था, सूची अपडेट कर दी है।

### मंडल-1 की नई टीम



नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति की नई टीम में उपाध्यक्ष संदीप कुशवाह, अक्षयराज सिंह चौहान, विजय यादव, लखन चौरसिया, विक्की भावसार और शुभम राठौर को बनाया गया, जबकि महामंत्री अमित नीखरा और सीमा सक्सेना। मंत्री निर्देश पाटीदार, महेंद्र मेवाड़ा, शिवम गुप्ता, अनुराग मिश्रा, हेमंत यादव और ज्योति मालवीय। शुभम यादव कोषाध्यक्ष, बंटी प्रजापति कार्यालय मंत्री और पवन बोयत मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

### मंडल-2 की नई टीम



इधर नगर मंडल-2 के अध्यक्ष सुशील ताम्रकार की नई टीम की घोषणा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के लेटर पेड पर हुई, जिसमें उपाध्यक्ष आशीष राजौरिया, नीवेश राठौर, रोहित यादव, हर्ष ताम्रकार, ओमप्रकाश रायकवार और वर्षा जितेन्द्र यादव। महामंत्री अंकित राठौर और नीरज यादव। मंत्री संजय मिश्रा, घनश्याम सेन, गोविन्द मीणा, विशाल किरार, संध्या मालवीय और पवित्रा सन्नी कौशल, कार्यालय मंत्री प्रवेश राठौर, सह. कार्यालय मंत्री रोहित राठौर और अर्चना चौहान को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।

## खेत में भड़की भीषण आग: दो किसानों की 5 एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक

### ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा नुकसान, आधे घंटे में पाया काबू

**भैरूंदा।** क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के साथ आगजनी की घटनाएं भी तेजी से सामने आ रही हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत राला से सामने आया, जहां शनिवार दोपहर करीब 3 बजे राला-पाडल्या के बीच खेतों में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दो किसानों की लगभग 5 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत राला के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बजाज और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के चलते करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की अन्य फसलों को बचाया जा सका।

#### ट्रैक्टरों से बनाई सुरक्षा घेराबंदी

आग पर नियंत्रण पाने के लिए आसपास के चार गांवों से पहुंचे किसानों ने अपने-अपने ट्रैक्टरों में कल्टीवेटर लगाकर खेतों की मेड़ों के आसपास जुताई कर दी। इस रणनीति से आग को आगे बढ़ने से रोका गया और बड़ा नुकसान होने से बच गया।

#### फायर ब्रिगेड और टैंकर से बुझी आग

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम और ग्राम पंचायत के पानी के टैंकर ने भी आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। पानी की बौछार कर आग पर नियंत्रण पाया गया। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने टहनियों और झाड़ियों की मदद से भी आग बुझाने में सहयोग किया। इस घटना ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गर्मी के मौसम में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन और किसानों को सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि ऐसे हादसों से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके।



### मस्जिदों और ईदगाह पर की अमन चैन की दुआ

# जिले में अकीदत के साथ मनाई गई ईद, ईदगाह पर हुई विशेष नजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

खुशियों और भाईचारे का प्रतीक ईद उल फितर का त्यौहार शनिवार को जिले भर में बड़े ही उत्साह और सादगी के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने खुदा की बारगाह में सिर झुकाया और देश व प्रदेश में अमन, चैन और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। जिला मुख्यालय स्थित मुख्य ईदगाह पर सुबह से ही रौनक दिखाई देने लगी थी।

नए कपड़ों में सजे-धजे बच्चे, युवा और बुजुर्ग नमाज के लिए पहुंचने लगे। इमाम साहब ने मुकर्रर वक्त पर नमाज अदा कराई और ईद का खुत्बा पढ़ा। जैसे ही दुआ के लिए हाथ उठे, पूरे माहौल में रूहानियत और शांति छा गई। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगकर ईद मुबारक कहा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। शहर के साथ-साथ जिले की अन्य मस्जिदों, ईदगाह पर भी नमाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। भीड़ को देखते हुए अलग-अलग मस्जिदों में नमाज के समय में अंतराल रखा गया था, ताकि अकीदतमंदों को परेशानी न हो।

**बुदनी, इछावर और आष्टा में भी रही ईद की धूम :** ईद का उत्साह केवल जिला मुख्यालय तक ही सीमित नहीं रहा। जिले के आष्टा, इछावर, बुदनी, भैरूंदा, रेहटी और जावर सहित ग्रामीण अंचलों में भी नमाज अदा की गई। आष्टा और इछावर की ईदगाहों पर भी बड़ी संख्या में मुस्लिम भाई एकत्र हुए। नमाज के बाद हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह के बाहर पहुंचकर अपने मुस्लिम मित्रों को गले लगाकर मुबारकबाद दी, जो सीहोर की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करता है। ईद के मौके पर सबसे ज्यादा खुशी बच्चों के चेहरों पर नजर आई। नमाज के बाद बच्चों ने ईदी ली और ईदगाह के बाहर लगे मेलों व दुकानों पर खान-पान और खिलौनों का आनंद लिया।



## खबर संक्षेप



### रिक्की इलेवन को 265 रन के विशाल अंतर से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार खेले गए इस मैच में अनेक रिकार्ड बने है। जिसमें इस मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से खेलते हुए शहर के प्रतिभाशाली बल्लेबाज अतुल कुशवाहा ने मात्र 69 गेंद पर नाट आउट 190 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस पारी में उन्होंने सात चौके के साथ 21 छक्के लगाए। इसके अलावा सौरभ वर्मा ने 23 गेंद पर 41 रन बनाए थे। अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन की टीम 53 रन पर ढेर हो गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अतुल त्रिवेदी ने बताया कि शनिवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें अतुल कुशवाहा ने मात्र 69 गेंद पर 190 रन, सौरभ वर्मा ने 23 गेंद पर 41 रन और युवराज ने 17 रन की पारी खेली थी। इधर रिक्की इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए रविन्द्र सिंह ने दो विकेट, दीपक तोमर, गोलू राठौर ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रिक्की इलेवन की पूरी टीम 11 ओवर में 53 रन पर ढेर हो गई। इसमें एक मात्र देवेन्द्र चंद्रवंशी ने 18 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। इसके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश ने चार ओवर में 14 रन देकर पांच विकेट, अविनाश बैरागी-यश लोधी ने दो-दो विकेट हासिल किए। मैच के अंत में आयोजन समिति की ओर से विस्फोटक बल्लेबाज अतुल कुशवाहा को 190 रन की रिकार्ड पारी की बदौलत पुरस्कार प्रदान किया।

### कलेक्टर ने की किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### सुबह से ही ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी

# 30 दिन रोजे रखने के बाद तमाम अहले वतन को ईद-उल-फितर की दी मुबारकबाद

ईद के मौके पर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सेवइयों, मिठाइयों और नए कपड़ों की दुकानों पर देर रात तक खरीदारी होती रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर सहित क्षेत्रभर में ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। 30 दिनों तक रमजान के रोजे रखने के बाद शनिवार को मुस्लिम समाज ने पूरे उत्साह के साथ ईद मनाई। शुक्रवार रात चांद दिखने के बाद ईद का ऐलान हुआ, जिसके चलते देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही।

शनिवार सुबह से ही ईदगाह और जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नसरुल्लागंज में हर वर्ष की तरह इस बार भी ईदगाह और जामा मस्जिद में हजारों मुस्लिम भाइयों ने सजदा कर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

ईद के मौके पर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। सेवइयों, मिठाइयों और नए कपड़ों की दुकानों पर देर रात तक खरीदारी होती रही। शनिवार सुबह से ही लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर बधाई देते नजर आए, जिससे पूरे नगर में त्योहार का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं। वहीं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं




युवा कार्यकर्ताओं ने भी ईदगाह पहुंचकर समाजजनों को ईद की बधाई दी।

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने माह-ए-रमजान के समापन पर सभी को ईद-उल-फितर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने बच्चों एवं समाजजनों को मुबारकबाद देते हुए नगर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

**दिनभर चला मुबारकबाद का सिलसिला :** ईद के मौके पर सुबह से ही मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों का स्वाद लिया और खुशियां साझा कीं। पूरे नगर में ईद का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### रेहटी में सिपाही बाबा का उर्सः भाईचारे की मिसाल, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने चादर पेश की



**रेहटी।** नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ख्वाजा अमरुद्दीन चिश्ती (सिपाही बाबा) का उर्स श्रद्धा, आस्था और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। 21 मार्च को आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। उर्स के अवसर पर पत्रकार नरेंद्र यादव के निवास से चादर, फूल एवं प्रसाद के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। यह जुलूस वार्ड क्रमांक 9 स्थित कोलार कॉलोनी के दरबार-ए-हुसैन पहुंचा, जहां से ढोल-नगाड़ों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु सिपाही बाबा की दरगाह पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं ने अकीदत के साथ चादर पेश कर फूल चढ़ाए। कार्यक्रम के दौरान शाकिर भाई एवं शानू द्वारा फातेहा पढ़ी गई और देश, प्रदेश सहित जिले में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे मौजूद रहे। मान्यता है कि सिपाही बाबा की दरगाह पर सच्चे मन से मांगी गई मुरादें पूरी होती हैं। यही वजह है कि यहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और पूरी होने पर चादर चढ़ाने पहुंचते हैं। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, मंगल सिंह ठाकुर, विष्णु प्रसाद ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गजराज सिंह चौहान, बनवीर सिंह चंद्रवंशी, सिद्धार्थ मालवीय, गुड्डू पटेल, मुकेश मेहता, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अजय राव सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उर्स ने एक बार फिर यह साबित किया कि रेहटी की गंगा-जमुनी तहजीब आज भी जीवित है और यहां सभी धर्मों के लोग मिलकर एक-दूसरे के त्योहारों को सम्मान के साथ मनाते हैं।



### ईदगाह पर हुई नमाज एक-दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद

**बुधनी।** ईद उल फितर के मौके पर स्थानीय ईदगाह पर सामूहिक रूप से नवाज अदा की गई आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।उल्लेखनीय है कि हर साल की तरह इस बार भी वार्ड क्रमांक सात में स्थित ईदगाह पर सामूहिक नवाज का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद पर मुबारकबाद दी मौके पर तहसीलदार ललित सोनी, एसडीओपी रवि शर्मा, उपनिरीक्षक संदीप जाट, राजेश मालवीय सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



## 22 से 24 मार्च तक होगा राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आयोजन

**बुधनी।** केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (CFMTTI), बुधनी में 22 से 24 मार्च 2026 तक राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है, जिसमें देशभर से किसान, उद्योग प्रतिनिधि, वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ भाग लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, एंदल सिंह कंसाना कृषि मंत्री मप्र शासन, गौतम टेटवाल राज्यमंत्री मप्र विधायक रमाकांत भार्गव सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

यह एक्सपो कृषि यंत्रीकरण एवं उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों पर आधारित एक राष्ट्रीय स्तर का मंच है, जिसका उद्देश्य किसानों, उद्योगों, स्टार्टअप्स, वैज्ञानिकों तथा नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है। CFMTTI, बुधनी देश में कृषि मशीनरी के परीक्षण, प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है, जो पिछले कई दशकों से किसानों के लिए सुरक्षित, प्रभावी एवं उपयोगी कृषि यंत्रों के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस एक्सपो के माध्यम से संस्थान अपने प्रयासों को और व्यापक बनाने की दिशा में अग्रसर है। आयोजन में देशभर के प्रमुख ट्रैक्टर एवं कृषि मशीनरी निर्माता, ड्रोन एवं प्रिसिजन फार्मिंग कंपनियां, सिंचाई एवं कृषि उपकरण उद्योग तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थान भाग ले रहे हैं। एक्सपो में स्मार्ट फार्मिंग उपकरण, ड्रोन आधारित कृषि समाधान, आधुनिक बीजरोपण एवं कटाई मशीनों सहित नवीनतम तकनीकों का लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस एक्सपो में 10,000 से अधिक किसानों के शामिल होने की संभावना है, जिन्हें आधुनिक तकनीकों को समझने, देखने एवं अपनाने का अवसर मिलेगा। साथ ही, तकनीकी सत्र, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं उद्योग-किसान संवाद भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे ज्ञान के आदान-प्रदान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.एम. नांदेड़ ने सभी किसानों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्टअप्स एवं संबंधित हितधारकों से इस राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 में सहभागिता करने का आग्रह किया है, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक एवं सफल बन सके।

### 23 मार्च से शुरू होगी सरसों की बिक्री

**सीहोर।** शासन द्वारा सरसों उत्पादक किसानों को सरसों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भावांतर योजना प्रारंभ की गई है। इसके लिए सरसों उत्पादक किसानों द्वारा 26 फरवरी से 20 मार्च तक ई-उपार्जन पोर्टल www.mpeuparjan.nic.in पर पंजीयन किया जा चुका है। इसके साथ ही भावांतर योजना में सरसों की विक्रय अवधि 23 मार्च से 30 मई तक निर्धारित की गई है। जारी निर्देशानुसार योजना सिर्फ राज्य की अधिसूचित मंडियों में ही मान्य है।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन





**सीहोर।** स्थानीय पावर हाऊस कॉलोनी स्थित पंचमुखी हुनमान मंदिर पर गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाये जाने हेतु मंदिर समिति संरक्षक पूर्व विधायक श्री रमेश सक्सेना के निज निवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मंदिर समिति संरक्षक श्री सक्सेना, सह संरक्षक तरूण गौसाई, अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में इस वर्ष तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाने का निर्णय सर्व सम्मिति से लिया गया। जिसमें सर्व प्रथम दिनांक 31 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे अखण्ड रामायण का पाठ प्रारंभ किया जाएगा। दिनांक 1 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे रामायण जी के समापन उपरांत श्री पंचमुखी हनुमान जी का रूद्राभिषेक, हवन एंव प्रसादी वितरण सांय 4 बजे किया जायेगा। दिनांक 2 अप्रैल 2026 हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में प्रातः 6 बजे से विशेष श्रंगार दर्शन प्रारंभ होगें। सांय 7:30 बजे श्री पंचमुखी हनुमान जी की महा आरती की जावेगी। आरती उपरांत महाप्रसादी का वितरण एवं 8:30 बजे से स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रंगरोहन कार्य प्रारंभ कराने का एवं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा कराने का निर्णय लिया गया है। पंचमुखी हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक जोशी, पं.कमला प्रसाद शर्मा एवं पुजारी अरूण जोशी के मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक आयोजन सम्पन्न कराये जायेगें। पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के सदस्य विनय सक्सेना, विशाल परदेशी, तिलक दांगी, कालू शर्मा, महेन्द्र वर्मा, आशीष गेहलोत पार्षद, नरेन्द्र राजपूत पार्षद, अजय पाल पार्षद, माखन परमार, सुशील ताम्रकार, पंकज मालवीय, सौरभ शर्मा, नितेश सेन, सोनू वर्मा, बबलु शर्मा, अशोक पहलवान, शुभम मालवीय, आशीष गोहर, दीपक तात्या, भुवन बंसल, गिरिश मेहता, मुकेश गोहिया, राजु शर्मा, बाबलु गांठे, चन्दु गांठी, संतोष शर्मा, गब्बर शर्मा, राहुल आसेरी, सिम्मी जैन, कपिल गौर, राहुल दांगी, मनीष परमार आदि उपस्थित रहे।

### पुराने बोरवेल को पंप डालकर किया चालू, नागरिकों को उपलब्ध होगा सुलभ पेयजल

# जिले में अनेक स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं, ताकि जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके। इसी क्रम जल संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत 20 मार्च को बुधनी के वार्ड क्रमांक 07 में पुराने बोरवेल की सफाई की गई और मोटर पंप डालकर बोर को चालू किया गया, जिससे वहां के नागरिकों को सुलभ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है।





इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।

### होटल, ढाबों और दुकानों में धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल

# नियमों की धज्जियां: घरेलू गैस का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शहर में गैस एजेंसी पर उपभोक्ता की बढ़ती भीड़ के साथ ही होटल, ढाबों और दुकानों में धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है। शायद कोई देखने और टोकने वाला नहीं है यही कारण है कि कायदे-कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

घरेलू गैस खासकर सब्सिडी वाले सिलेंडर की कालाबाजारी का कारोबार खूब फल-फूल रहा है लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। चर्चा है कि शहर में इन दिनों चाय व मिठाई की दुकानों समेत पोहा समोसे बेचने वाले खुलेआम घरेलू ग्राहकों के हिस्से का गैस प्रयोग कर रहे हैं। बावजूद इस पर अंकुश लगाने के प्रति जिम्मेदार विभाग और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के कई क्षेत्रों और बाजारों और प्रमुख चौराहों पर स्थित चाय की दुकानों व ठेले पर चाय नाश्ता बनाने वाले प्रतिदिन घरेलू गैस से ही अपना कारोबार कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने जिम्मेदार विभाग समेत प्रशासन से घरेलू गैसों का दुरूपयोग



रोके जाने की दिशा में जरूरी कदम उठाने की मांग की है। दरअसल घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम में अंतर है। वर्तमान में घरेलू उपभोग के का सिलेंडर में 14 किलो गैस आती है जबकि व्यावसायिक सिलेंडर में 19 किलो गैस आती है। इस पर सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में सब्सिडी वाले सिलेंडर की गैस सस्ती कीमत में आंकी जाती है। जबकि व्यावसायिक लगभग 100 रुपये प्रतिकिलो पड़ती है।

#### 250 व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं

शहर में संचालित भारत गैस एजेंसी के मैनेजर अजय प्रजापति ने बताया कि नगर में व्यावसायिक गैस के कनेक्शन लगभग 250 से 270 हैं बावजूद इसके महीने में मात्र 12 से 15 ही व्यवसायिक सिलेंडर लोगों द्वारा खरीदे जाते हैं। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर की खपत हर महीने 7 हजार से अधिक होती है। सूत्रों की माने तो कई होटल ढाबे संचालक व्यावसायिक सिलेंडर का कनेक्शन तो लेते हैं लेकिन एक बार नीले रंग का सिलेंडर (व्यावसायिक) लेने के बाद इसमें घरेलू सिलेंडर से गैस रि-फीलिग कराते हैं। यह सब इसलिए किया जाता है कि कहीं कोई शिकायत न करे।

#### नाम मात्र की खपत

शहर के कई घरेलू गैस उपभोक्ता अपने निजी स्वार्थ के चलते अपनी डायरी के सिलेंडर होटल ढाबों संचालकों को दिलवा देते हैं। जिसके कारण व्यवसायिक सिलेंडर की बिक्री हर महीने नाम मात्र की होती है।

**अजय प्रजापति**
मैनेजर भारत गैस एजेंसी

#### कार्रवाई करेंगे

जल्द घरेलू गैस का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी।

**गोपाल चौहान,** प्रभारी आपूर्तिकारी एवं नायब तहसीलदार सारंगपुर

# स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी: बिल जमा करने के बाद भी सैकड़ों घरों में अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन इसकी सही जानकारी के अभाव में अब उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अचानक सैकड़ों उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बाधित हो गई, जिससे कई इलाकों में अंधेरा छा गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें न तो बिल की समय पर जानकारी दी गई और न ही भुगतान की अंतिम तिथि के बारे में अवगत कराया गया। उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद न तो कोई मीटर रीडिंग लेने आया और न ही विभाग की ओर से बिल दिया गया। जब इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि बिल की जानकारी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भेजी जाती है, और उसी के अनुसार समय पर भुगतान करना आवश्यक है।

#### मोबाइल न होने से बढ़ी परेशानी

कई उपभोक्ताओं के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं होने के कारण उन्हें बिल की जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे वे समय पर भुगतान नहीं कर पाए और उनकी बिजली काट दी गई। इससे ग्रामीण एवं बुजुर्ग उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब कई उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन या बिजली कार्यालय जाकर बकाया बिल जमा कर दिया, इसके बावजूद उनकी बिजली सप्लाई चालू नहीं की गई। जब उपभोक्ता शिकायत लेकर बिजली विभाग पहुंचे, तो उन्हें जवाब मिला कि स्मार्ट मीटर की बिजली चालू-बंद करने का नियंत्रण स्थानीय स्तर पर नहीं है, बल्कि यह प्रक्रिया भोपाल से संचालित होती है। इस कारण कई उपभोक्ताओं को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी और अगले दिन सुबह जाकर बिजली बहाल हो सकी। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा गया और वे अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

फरवरी माह का बिल बकाया होने के कारण लगभग 100 उपभोक्ताओं की बिजली बंद की गई थी। बिल की सूचना उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भेजी जाती है। यदि कोई उपभोक्ता साधारण मोबाइल उपयोग करता है, तो उसे विभाग द्वारा सूचित किया जाएगा।

**उमेश मिश्रा, जेई, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, सारंगपुर**

# पुलिस की तत्परता से 18 घंटे में नाबालिग बालिका सकुशल बरामद



**सारंगपुर।** पुलिस ने अपनी सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए नाबालिग अपहृत बालिका को महज 18 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्यवाही से परिजनों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार 18 मार्च को फरियादी बाबूलाल पिता सिद्दूलाल धनगर (75 वर्ष), निवासी बागकुआ टंकी, सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग भांजी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारंगपुर के बाहर से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 207/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते एसडीओपी अरविंद सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए उज्जैन पहुंचकर बालिका को सुरक्षित बरामद किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि परीक्षा का अंतिम पेपर होने के बाद अच्छे अंक प्राप्त करने की कामना से वह बिना बताए बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन चली गई थी। पुलिस ने बालिका को महज 18 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक दीपक परमार उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया आरक्षक मो इरशाद खान सत्येन्द्र रघुवंशी कैलाश लोधी माखन राठौर धर्मेन्द्र जायसवाल की भूमिका रही।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग




**सुठालिया।** ब्यावरा के सुठालिया क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी बैटरियों में धमाके हुए और करीब एक लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। यह घटना मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित दुकान में हुई। प्रधानी कुंडल निवासी हिम्मत सिंह लोधी की यह ऑटो पार्ट्स दुकान दूसरी मंजिल पर स्थित है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग व पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल राहौरिया और एएसआई आशीष दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आग से प्रभावित हो रहे सामान को सुरक्षित निकालने में सहयोग किया। दमकल दल ने भी मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस घटना में दुकान का काफी सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## आबिद हुसैन लोदी पुन: बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष



**सारंगपुर।** कांग्रेस संगठन द्वारा जारी नई सूची में वरिष्ठ नेता आबिद हुसैन लोदी को पुनः शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश तथा वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा पर लिया गया। लोदी की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनके पूर्व कार्यकाल के अनुभव, संगठन क्षमता और सक्रियता को देखते हुए उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को उठाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी कार्यशैली सभी को साथ लेकर चलने वाली रही है, जिससे वे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं।

# तेज रफ्तार कार इंदर चौराहा पर स्ट्रीट लाइट के पोल में जा घुसी



**जीरापुर।** नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा पर गुरुवार की रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार स्ट्रीट लाइट के पोल में सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी की कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और पोल टूट कर नीचे गिर गया। कार की गति तेज होना स्पष्ट होता है क्योंकि कार के एयरबैग खुलने से सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी। टक्कर के बाद जोर से धमाका हुआ जिससे आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए! हालांकि टक्कर के तुरंत बाद कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्ट्रीट लाइट का पोल टूट कर निचे गिर गया और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार हरियाणा की बताई जा रही है जिसके नम्बर एच आर 700--2384 है ,जो क्षेत्र में गेहूं काटने की हार्वेस्टर लेकर आए हैं। इस मामले में पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। उक्त स्ट्रीट लाइट का पोल इंदर चौराहा पर मध्य में लगा हुआ था कार चालक ने सीधे पोल में टक्कर मारी।

## ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा।** ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र पर हिंदी नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मधु दीदी जी ने कहा कि हम सभी आदि सनातन देवी देवता धर्म की कुल की आत्माएं है। हमारे अंदर भी अष्ट शक्तियां, देवी गुण हैं अगर इन्हीं गुणों और शक्तियों को सदैव याद रखें तो कभी भी जाति, धर्म, रंग, रूप का भेदभाव नहीं होगा, क्योंकि देवताओं के अंदर प्रेम और सद्भावना पवित्रता होता है। उनके चेहरे और चालान बहुत रॉयल होते हैं। तभी तो हम मंदिरों में उनकी पूजा करते हैं। अगर सभी शक्तियां और गुण हमारे अंदर भी आ जाए तो हम कभी दुखी निराश या कमजोर नहीं करेंगे ऐसे दीदी ने हमें ज्ञान की बातें सुनाइए। और इसी कड़ी में ब्यावरा सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सभी को नीम के पते, मिश्री का प्रसाद दिया और अर्थ बताते हुए का की कड़वाहट के साथ-साथ मिठास भी जीवन में जरूरी है। नीम के पते हमारे शरीर की आंतरिक कीटाणु को भी नष्ट करता है वही मिश्री मिठास भरता है और ठंडकता भी देता है। यह जीवन का बैलेंस है।

# बोहरा समाज ने ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई



**सारंगपुर।** बोहरा समाज द्वारा गुरुवार को सुबह 6:45 बजे बोहरावाड़ी मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। नमाज की अगुवाई आमिल शेख यूनुस भाई ने की। इस दौरान उन्होंने देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ की।

माह-ए-रमजान के पूरे 30 दिनों तक समाज के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक सभी ने रोजे रखकर इबादत की। मस्जिद और जमातखाने में लगातार 30 दिनों तक इबादत का दौर चला, साथ ही समाज की ओर से भोजन, चाय और बिस्कुट की व्यवस्था भी की गई। अपने संदेश में आमिल ने समाजजनों से अपील की कि वे जुआ, ब्याज, शराब और सिगरेट जैसी बुरी आदतों से दूर रहें, जरूरतमंदों की मदद करें तथा आपसी लड़ाई-झगड़ों से बचते हुए प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करें। उन्होंने सभी को ईमानदारी से व्यापार और व्यवसाय करने की भी प्रेरणा दी। नमाज के बाद सभी समाजजनों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर शेख अब्बास भाई, शेख अता हुसैन, शेख मोइज, कुर्बान, मुजफ्फर, शब्बीर , मुस्तफा, जाकिर सैफी, हातिम अली, जूजर सैफी, तैयब सैफी, अली असगर पेटीवाला सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जल संवर्धन अभियान शुरू



**जीरापुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल बचाओ जल का संवर्धन करने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर के छापी बांध पर जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक नगर परिषद कर्मचारियों ने जल स्त्रोत पर साफ सफाई की। जय स्त्रोत के संरक्षण एवं पुनः उद्धार एवं जल स्त्रोतो को बढ़ाने के लिए एक पहल की। जनभागीदारी से पुराने तालाबों का गहरीकरण करना है ।बांध से शुरू किए अभियान में विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरीओम शर्मा, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय , हनुमान तिवारी, वरिष्ठ जन दिनेश नागर, प्रवीण गुप्ता बकानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगर में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर में शुक्रवार को 1857 की वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोधा-लोधी समाज द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई और साज-सज्जा से हुई। समाजजनों ने रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की सफाई कर परिसर को सजाया। इसके बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने रानी अवंतीबाई लोधी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया। उनका बलिदान आज भी समाज को देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देता है। लववंशी ने युवाओं से वीरांगना के आदर्शों को अपनाने और समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुठालिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ समाजसेवियों और प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने मनाया गौतम ऋषि का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगर इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को बालाजी गार्डन में अपने आराध्य देव भगवान गौतम ऋषि का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। सभी समाज जनों एवं महिलाओं ने मिलकर विधि विधान के साथ भगवान गौतम ऋषि का पूजन कर महा आरती की गई। समाज की ओर से भगवान गौतम ऋषि का विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर पूजा अर्चना कर समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी एवं समाज जनों की ओर से समाज के वरिष्ठ पंडित सत्यनारायण शर्मा, डॉ केके शर्मा, बीएल शर्मा, भगवत शरण व्यास सुरेश शर्मा सहित अन्य वयोवृद्ध समाज जनों शाल श्रीफल से एवं प्रतिभावान बच्चों का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। वहीं बालाजी मैरिज गार्डन के प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चंद्र वर्मा का सम्मान भी किया गया साथ ही समाज की बुजुर्ग महिलाओं का भी महिला मंडल की ओर से सम्मान किया गया एवं समाज के वरिष्ठ पंडित चंद्र मोहन व्यास का जन्मदिन भी समाज जनों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया आभार समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने माना। इस दौरान समाज की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए पुनः आशीष त्रिपाठी को अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने महर्षि गौतम की जयंती मनाई



**जीरापुर।** स्थानीय गुर्जर बाहमण समाज द्वारा श्री महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाई गई। गौतम वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत। तत्पश्चात नगर में विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से निकाली। जिसमें चलित झांकी महिला पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तत्पश्चात समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान स्थानीय विधायक की उपस्थिति में किया गया। समाज द्वारा रामायण परायण का पाठ भी धर्मशाला में किया गया। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी की भी पुन नियुक्ति हुई है जिसमें सर्वसम्मति मनोज उपाध्याय को अध्यक्ष पद के रूप में नियुक्त किया गया शेष कार्यकारिणी गत वर्ष की भांति ही सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी एवं जिला गुर्जर गोंड ब्राह्मण महासभा द्वारा वंदना शर्मा को जिला उपाध्यक्ष एवं रश्मि उपाध्याय को तहसील अध्यक्ष जीरापुर नियुक्त किया गया। समाज कोषाध्यक्ष घनश्याम तिवारी ने वार्षिक आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया तथा समाज के सदस्य रामेश्वर दयाल तिवारी एवं हनुमान प्रसाद जोशी ने समाज उत्थान एवं धर्मशाला के निर्माण तथा रखरखाव की बात रखी। संचालन पं. अनुराग आचार्य ने किया। उपरोक्त पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ठ जनों एवं इष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रदान की गई।

## बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में ऑटो चालकों की बैठक आयोजित, शपथ दिलाई गई



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा थाना क्षेत्र में सभी ऑटो चालकों को थाने पर आमंत्रित कर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभी ऑटो चालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिनमें वाहन चलाते समय सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, तेज गति से वाहन न चलाने, समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने तथा सार्वजनिक मार्गों पर ऑटो खड़ा न करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे सायबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही नशा मुक्ति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. द्वारा जिले में खेतों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### जंगल में दबिश देकर 8 जुआरियों को दबोचा

**देवास।** एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में ऑपरेशन प्रहार प्रारंभ किया है। जिसके अंतर्गत अवैध जुआ, सटटे के अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 18 मार्च को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सिन्द्राणी के जगंल में कुछ लोग हार जीत का दाव लगा रहे है । जिस पर ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में दो विशेष टीम गठित की गई । पुलिस टीमों के द्वारा ग्राम सिन्द्राणी के जगंल में घेराबंदी कर अवैध रूप से जुआ खेलते 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ फड से 15600 एवं 9 मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना सतवास पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पुछताछ में बताया कि आबिद उर्फ मोटु निवासी लोहारदा,मेहबुब खां निवासी किले के अंदर सतवास व असलम निवासी लोहारदा के द्वारा सिन्द्राणी के जंगल में उक्त जुआ फड संचालित किया जाकर,स्वयं भी जुआ खेल रहे थे। जिन्हे गिरफ्तार किया गया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

मुस्लिम समुदाय ने पवित्र रमजान के रोजे पूरे होने पर मनाया ईद का पर्व, एक-दूसरे को दी बधाई

# आलम के साथ मुल्क में अमन ओ आमान की दुआ के लिए उठे हजारों हाथ, ईदगाह पर अता की ईद-उल-फितर की नमाज





## शहर काजी जनाब फजले बारी आरिफ और जावर नगर इमाम हाफिज शाहिद खान ने ईदगाह पर अता कराई नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर/आष्टा


जावर नगर में एकमात्र स्थित ईदगाह में मुस्लिम समुदाय द्वारा रमजान के पूरे तीस रोजो के बाद प्रतः 8:30 पर ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति में इमाम हाफिज शाहिद खान ने अदा कराते हुए अपने गुनाहों से माफी, आपसी सद्भाव, बड़ों की इज्जत तथा विश्व में शांति के साथ वतन में सद्भाव की दुआ कराई गई। दुआ के बाद सभी मुस्लिम बंधुओ ने एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारक बाद दी गई। तौसीफ शेख मित्र मंडल की ओर से ईदगाह पधारे प्रशासन की ओर से ओमप्रकाश चोरमा तहसीलदार, हेमंत पांडे प्रभारी थाना जावर, मनोज वैद्य, तेज़सिंह कप्तान, अरविंदसिंह ठाकुर सेमली बारी, दयाराम परिहार, शैलेश कुमार वैध,संजीव मालवीय, संजय अजमेरा ,मनीष शर्मा, संदीप मालवीय, अकबर सिद्दीकी, अजीजुल रहमान खान शहर काज़ी, अब्दुल अज़ीज़ खान मंसूरी, पप्पू मंसूरी, अकबर मंसूरी, शराफत मंसूरी, अहद सिद्दीकी आदि का स्वागत करने के बाद स्वल्पहार कराया गया।

### ईदगाह पहुंचकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने दी बधाई



आष्टा। पूरे रमजान माह में रोजे रखकर मुस्लिम धमार्वलंबीजन दुआ और इबादत करते है। माह के अंतिम दिन चांद निकलने के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। आज अलीपुर स्थित ईदगाह एवं नगर की प्रमुख मस्जिदों पर बड़ी संख्या में मुस्लिम धमार्वलंबीजन पहुंचे और ईद की मुख्य नमाज अदा की। ईदगाह पर शहर काजी जनाब फजले बारी आरिफ की उपस्थिति में नमाज अदा कराई गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण ईदगाह पहुंचे, जहां नमाज अदा करने के पश्चात शहरकाजी जनाब फजले बारी आरिफ साहब सहित मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों को गले लगाकर ईद की बधाई दी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि यह त्यौहार भाईचारे की भावना को मजबूत बनाता है तथा करुणा-भाव और दान की प्रवृत्ति को अपनाने का संदेश देता है। ईद का पर्व हमारे समाज में उम्मीद, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पार्षद डॉ. सलीम खान, हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, जाहिद गुड्डू, नपाउपाध्यक्ष भूरू खां, नपा में नेताप्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, अतीक कुरैशी, शेख रईस, नोशे खान, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुलाबबाई ठाकुर, सलीम ठेकेदार, बब्बन हाफिज, सुनील कटारा, सनव्वर खां, महेश मेवाड़ा, रशीद नेता, जितेन्द्र शोभाखेड़ी, गबू सोनी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिमजन मौजूद थे।

### त्याग और आपसी भाईचारे का प्रतीक है पर्वः परमार




आष्टा। ईद केवल एक पर्व नहीं अपितु प्रेम भाईचारे और इंसानियत का प्रतिक है यह त्योहार हमें सिखाता है कि हम अपने दिलों में मोहब्बत, करुणा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना रखें। समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने के लिए ऐसे पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उक्त विषय के उदगार पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने मुस्लिम धर्मावलम्बियों को ईद की बधाई देते हुए व्यक्त किये, उन्होंने आगे कहा कि सभी धर्मों के त्योहार हमें जोड़ने का कार्य करते हैं और हमें मिलजुलकर एक मजबूत और समरस समाज का निर्माण करना चाहिए। हमारे शहर में परस्पर सम्मान की परंपरा है जिसे कायम रखना सभी का फर्ज है। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने ईदगाह पहुंचकर शहर काजी जनाब फजले बारी आरिफ़, मुफ़्ती एजाज साहब, ईदगाह इंतजामिया कमेटी के प्रमुख बब्बन हाफिज का साफा शॉल और पुष्प मालाओं से सम्मान किया तथा मुस्लिम धर्मावलम्बियों को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, पार्षदगण हिफजुर्रहमान भैया मिंया, जाहिद गुड्डू पूर्व पार्षद गण इदरीश मंसूरी, नरेंद्र कुशवाह, युवा समाजसेवीगण अर्जुन सिंह अजय, एडवोकेट पल्लव प्रगति, खोजेंमा सैफी बाबू भाई, चंदर सिंह ठाकुर, नोशे भाई एवं बंशीलाल बॉम्बे आदि ने सभी मुस्लिम बंधुओ को गले मिलकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित थे।

## 30 मार्च तक ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। छात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## कान्याखेड़ी के किसानों के लिए आफत बना रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम पंचायत कल्याणपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कान्याखेड़ी में किसानों को अपने ही खेतों तक पहुंचना दूभर हो गया है। यहां खेतों की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग इतना संकरा, तिरछा और जर्जर हो चुका है कि यहां से कृषि यंत्र और ट्रैक्टर गुज़ारना किसी बड़े जोखिम से कम नहीं है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि इस रास्ते से लगभग 50 किसानों के खेत जुड़े हुए हैं। रास्ता पूरी तरह ऊबड़-खाबड़ और संकरा होने के कारण बुवाई और कटाई के समय भारी मशीनों व ट्रैक्टरों को खेतों तक ले जाने में पसीने छूट जाते हैं। कई बार साधन संतुलन बिगड़ने से पलटने की स्थिति में आ जाते हैं, जिससे बड़े हादसे का डर हमेशा बना रहता है उक्त जानकारी धीरज सिंह ठाकुर ने दी।



## अशुभ भावों को छोड़कर शुभ भावों की ओर बढ़ना ही हम सभी का सच्चा धर्म है: विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के नेमीनगर सांई कॉलोनी स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान पूज्य वात्सल्य रत्नाकर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जैसा भाव बनाता है, वैसा ही पुण्य उसे प्राप्त होता है। भगवान न तो पाप देते हैं और न ही पुण्य, क्योंकि यदि वे देने लगें तो कर्ता-धर्ता हो जाएंगे। मुनिश्री ने कहा कि जीव स्वभाव से रागी है, लेकिन उसे अपने निज स्वरूप का आनंद लेने का प्रयास करना चाहिए। वीतराग भगवान के दरबार में राग की कामना करना भी पाप का कारण बनता है। इस लिए अशुभ भावों को छोड़कर शुभ भावों की ओर बढ़ना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि शुभ और अशुभ भाव ही पाप और पुण्य के बंध का कारण बनते हैं। धर्मसभा में बैठना मात्र पर्याप्त नहीं है,बल्कि वहां बैठकर मन को भी एकाग्र करना आवश्यक है।

मंदिर में बैठने से ही पुण्य मिल जाता है, यह अज्ञानता है। वहां पुरुषार्थ करना होगा और मन को भी मंदिर बनाना होगा, तभी पुण्यानुबंधी पुण्य का संचय होगा,। मुनिश्री ने द्रव्य संग्रह ग्रंथ की महत्ता बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ पाप और पुण्य के स्वरूप को समझाने वाला महान ग्रंथ है। इसकी गाथाओं को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि जीवन में उतारना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विवेक और निर्मल बुद्धि से ही मनुष्य पुण्य के कार्य कर सकता है और पुण्यात्मा ही धर्ममार्ग पर अग्रसर होते हैं। मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने चेताया कि कई लोग मंदिर और धर्मसभा में बैठकर भी मन से इधर-उधर भटकते रहते हैं, जो उचित नहीं है। "मन को जीतने वाला ही परमात्मा बनता है, जबकि मन का दास बनने वाला जीव अनेक योनियों में भटकता रहता है।

उन्होंने ज्ञान को ही सच्चा प्रकाश बताते हुए कहा कि ज्ञान रूपी ज्योति ही आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है।मुनि श्री ने कहा कि पाप आत्मा को नीचे ले जाता है, जबकि पुण्य उत्थान का मार्ग है। लेकिन पुण्य में भी आशक्ति नहीं होना चाहिए।जो पुण्य को परमात्मा बनने में लगाता है, वही सच्चा धर्मात्मा है। उन्होंने सादा जीवन और उच्च विचार अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ऐसा जीवन जिएं कि आपके जाने के बाद भी पीढ़ियां आपको याद करें। धर्मसभा के अंत में उन्होंने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 27, 28 एवं 29 मार्च को अयोध्या नगरी भोपाल में मानस्तंभ की प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित की गई है।



## परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लॉक आष्टा ने अपनी मांगों को लेकर 19 मार्च को तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक की टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का हवाला देते हुए शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए 2 साल के अंतर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य बताया गया है ।

इसी क्रम में लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा भी एक आदेश जारी किए गए हैं जबकि 1998 ,2001,2003 में शिक्षकों की नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में राज्य सरकार द्वारा की गई थी। इसके अलावा 2005 में व्यायाम के माध्यम से शिक्षकों की विधिवत नियुक्तियां हुई थी। शिक्षकों का तर्क है कि जो कर्मचारी पहले से ही निर्धारित नियमों के तहत नियुक्त होकर वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं उन पर 2009 के अधिनियम को थोपना और टीईटी उत्तीर्ण करने का दबाव बनाना न्याय संगत नहीं है। उक्त आदेश के संबंध में प्रदेश भर में शिक्षकों को भारी रोष व्याप्त है शिक्षक सयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि सर्वोच्च न्यायालय में मध्य प्रदेश सरकार की ओर से टीईटी के विरोध में पुनर्विचार याचिका दायर की जाए तथा संचालक लोक शिक्षण के इस शिक्षक विरोधी आदेश को शीघ्र वापस लिया जाए को लेकर ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कमल बैरागी बैरागी संभागअध्यक्ष, सवाई सिंह परिहार संभाग अध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली, अजब सिंह राजपूत, मदन परमार, जय सिंह ठाकुर, कृपाल सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मनीष सरसिया, गोपाल सिंह ठाकुर, इलियास खान, मुबारिक खान,कल्याण परमार, जितेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, मांगीलाल सिसोदिया, रमेश कटारे, लखन सिंह ठाकुर, शंकरलाल परमार, सुशील सोलंकी, सजन मालवीय,ज्योति चित्तौड़ा, ज्योति विश्वकर्मा, सुनीता शाक्य, बरखा जैन, रश्मि डोंगरे,आरती देवड़ा,शिवराज सिंह पवार धन सिंह मकवाना, जितेंद्र गुठानिया सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।



महेश्वरी और अग्रवाल महिला मंडल ने निकाला गणगौर चल समारोह

## ईशर और गौरा की प्रतिमा के सामने महिलाओं ने दिए झाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में गणगौर पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रतिदिन गणगौर की पाती लेकर माहेश्वरी, अग्रवाल समाज की महिलाएं उत्साह के साथ चल समारोह में शामिल हो रही है। इसी कड़ी में शनिवार को भी महिलाओं ने चल समारोह निकाला। गणगौर का चल समारोह चरखालाइन से शुरू हुआ और प्रमुख मार्गों से होता हुआ सीवन नदी पर पहुंचा। जुलूस में महिलाएं आकर्षक परिधानों में नजर आईं। सीवन नदी घाट पर पहुंचकर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए ईशर और गोरा की प्रतिमा के सामने झाले दिए।

महिलाओं ने बताया कि गणगौर एक ऐसा पर्व है जिसमें कुंवारी कन्याएं और विवाहित महिलाएं दोनों भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करती हैं। इस दौरान रुक्मणी रोहिला, प्रेमलता रूठिया, मोहिनी अग्रवाल, संध्या मोदी, मंजू अग्रवाल, मालती अग्रवाल, तारा अग्रवाल, संध्या कोहली, मीना जयपुरिया, उषा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में माहेश्वरी और अग्रवाल समाज की महिलाएं चल समारोह में शामिल रही।




## राजमार्ग पर पलटी कार, 10 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले में भोपाल-इंदौर राजमार्ग पर एक टीयूवी वाहन पलट गया। यह दुर्घटना सीहोर और आष्टा के बीच ग्राम भाड़ा खेड़ी जोड़ के पास शनिवार सुबह लगभग 10 बजे हुई। हादसे में 10 लोग घायल हो गए हैं। जिसमें से एक गंभीर घायल को भोपाल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, एक टीयूवी वाहन तेज गति से जा रहा था। वाहन चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया। इसमें एक वीआईटी कॉलेज के छात्र सवार थे, जो कॉलेज जा रहे थे। हालांकि, हादसे की मुख्य वजह अभी स्पष्ट नहीं है। अभी अनुमान है कि शायद वाहन का टायर फटने के कारण यह दुर्घटना हुई। घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। आष्टा थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि वाहन पलटने से लगभग 10 लोग घायल हुए हैं। जिसमें एक की हालत गंभीर है। उन्हें भोपाल रेफर किया गया है। एक छात्र के हाथ में भी गंभीर चोट आई है घायल छात्र वीआईटी कॉलेज के छात्र है। घायल लोगों में मंगेश पिता मनोज उम्र 20 साल, श्रीधर पिता साहब उम्र 20 साल, कुमार आर्य पिता मनोज कुमार उम्र 21 साल, ईशान खरे पिता आलोक खरे उम्र 18 साल, आयुष सिंह पिता आर्य सिंह उम्र 18 साल, सहाय महाजन पिता शशि कुमार उम्र 20 साल, आमोद पिता देवेंद्र अग्रवाल उम्र 21 साल, यश पिता भूपेंद्र उम्र 20 साल, ओम कुमार पिता चंद्रिका सिंह उम्र 20 साल और साहिल सूखने पिता सारंग सुखने उम्र 20 साल शामिल है।

